BIHAR BOARD CLASS - X

2018

HINDI (हिन्दी)

प्रथम पाली (First Sitting)

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न-संख्या 1 से 50 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं , जिनमें से एक सही है। अपनी द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR शीट पर चिन्हित करें।

1. 'बुढ़ापे में इन्सान बिल्कुल बच्चा बन जाता है।' इस वाक्य में 'बुढ़ापे' कौन सी संज्ञा हैं?

(A) जातिवाचक

(B) व्यक्तिवाचक

(C) भाववाचक

(D) समूहवाचक

2. विशेषण के मुख्यत: कितने भेद हैं?

(A) चार

(B) तीन

(C) पाँच

(D) दो

3. 'आपने क्या खाया है?' इस वाक्य में 'क्या' कौन-सा सर्वनाम है ?

(A) निश्चयवाचक सर्वनाम

(B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(C) प्रश्नवाचक सर्वनाम

(D) पुरुषवाचक सर्वनाम

https://www.bihartopper.com

4. भविष्यत्काल के कितने प्रकार हैं?'

(A) चार

(B) तिन

(C) दो

(D) पाँच

5. 'दध्योदन' का संधि-विच्छेद क्या है?

(A) दधि + उदन

(B) दधि + ओदन

(C) दधि + ऊदन

(D) दधि + औदन

6. 'राम ने भिखारी को पैसे दिए।' इस वाक्य में 'को' किस कारक की विभक्ति है?

(A) कर्म

(B) सम्प्रदान

(C) सम्बन्ध

(D) करण

7. 'लौहपुरुष' में कौन सा समास है?

(A) द्वंद्व

(B) नञ्

(C) कर्मधारय

(D) द्विगु

8. 'निर्जन' में कौन-सा उपसर्ग है?

(A) नि

(B) निर्

(C) नी

(D) निर्

9. निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा शब्द शुद्ध है?

(A) शोनित

(B) शोनीत

(C) शोणित

(D) शोणीत

10. यदि 'ए' के बाद कोई भी भिन्न स्वर आए, तो 'ए' किसमें परिवर्तित हो जाता है

(A) आय्

(B) अय

(C) अव्

(D) आव्

11. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सा वाक्य शुद्ध है?

(A) आपके दर्शन कब होंगे ?

(B) मैंने यह काम करा है।

(C) प्यास से होठ सूख रहा था।

(D) मेरा बात सुन।

12. 'हाथ साफ करना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

(A) हाथ धोना

(B) सफाई करना

(C) चोरी करना

(D) गंदगी फैलाना

13. निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा शब्द शुद्ध है?

(A) हितैसी

(B) हितैशी

(C) हितैषी

(D) हितैषि

14. 'अंतिम' में कौन-सा प्रत्यय है ?

(A) म

(B) तिम

(C) इम

(D) तम

15. 'अष्टाध्यायी' में कौन-सा समास है?

(A) द्विगु

(B) अव्ययीभाव

(C) बहुब्रीहि

(D) नञ्

16. भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख व अप्रत्यक्ष कारण क्या है?

(A) सती-प्रथा

(B) दहेज प्रथा

(C) जाति प्रथा

(D) बाल-विवाह प्रथा

17. 'पेड़ का कमरा' किसकी रचना है?

(A) विनोद कुमार शुक्ल

(B) अशोक वाजपेयी

(C) अमरकांत

(D) यतीन्द्र मिश्र

18. 'वी० आर० नारायण ने किसी कहानी का अनुवाद किया है?

(A) ढहते विश्वास

(B) दही वाली मंगम्मा

(C) नगर

(D) माँ

19. कवयित्री अनामिका का जन्म कब हुआ ?

(A) 1961 ई.

(B) 1962 ई.

(C) 1963 ई.

(D) 1965 ई.

20. घनानंद की भाषा क्या है?

(A) अवधी

(B) ब्रजभाषा

(C) प्राकृत

(D) पाली

21. किसके अनुसार सेनों ने सिद्धांतों को भी बदल दिया था ?

(A) बेटियों के अनुसार

(B) खोखा के अनुसार

(C) मदन के अनुसार

(D) गिरधर के अनुसार

22. दारिस नामक सोने के सिक्कों से भरा घड़ा किसे मिला था ?

(A) हेकल

(B) हकर्स

(C) वारेन हेस्टिंग्स

(D) विलियम जोन्स

23. 'ढहते विश्वास' किस भाषा से अनुदित है ?

(A) कन्नड़

(B) तमिल

(C) उड़िया

(D) गुजराती

24. दूर- चट्टानों की ठंडी गोद में किस कवि की पंक्ति है?

(A) जीवनानंद दास

(B) अनामिका

(C) सुमित्रानंदन पंत

(D) रेनर मारिया रिल्के

25. जीवनानंद दास की किस कविता को प्रबुद्ध आलोचकों द्वारा रवींद्रोत्तर युग की श्रेष्ठतम प्रेम अविता की संज्ञा दी गई है?

(A) मनविहंगम

(B) वनलता सेन

(C) रूपसी बंग्ला

(D) झरा पालक

26. आध्यात्मिक शिक्षा से गाँधीजी का क्या अभिप्राय है?

(A) पुस्तक की शिक्षा

(B) यंत्रों की शिक्षा

(C) बुद्धि की शिक्षा

(D) हृदय की शिक्षा

27. 'आविन्यों' में उन्नीस दिनों के प्रवास के दौरान लेखक ने कितने गद्य की रचना की?

(A) 27

(B) 28

(C) 29

(D) 30

28. 'धरती कब तक घूमेगी' किस भाषा से अनुदित कहानी है ?

(A) उड़िया

(B) गुजराती

(C) राजस्थानी

(D) कन्नड़

29. पाप्पाति को कौन-सा रोग था ?

(A) टिटनेस

(B) हैजा

(C) कैंसर

(D) मेनिनजाइटि

30. वीरेन डंगवाल को किस कृति के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है ?

(A) इसी दुनिया में

(B) दुष्चक्र में सृष्टा

(C) पहल पुस्तिका

(D) कवि ने कहा

31. परदेश की विद्या पढ़ने का क्या परिणाम हुआ ?

(A) सबकी बुद्धि भारतीय हो गई

(B) सबकी बुद्धि विदेशी हो गई

(C) सबकी बुद्धि आध्यात्मिक हो गई

(D) उपर्युक्त सभी

https://www.bihartopper.com

32. 'नगर' कहानी किस लेखक द्वारा रचित है ?

(A) ईश्वर पेटलीकर

(B) सातकोड़ी होता

(C) सुजाता

(D) श्रीनिवास

33. लेखक के अनुसार मनुष्य के नाखून किसके जीवंत प्रतीक हैं ?

(A) मनुष्यता के

(B) सभ्यता के

(C) पाशवी वृत्ति के

(D) सौन्दर्य के

34. हजारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म कब हुआ ?

(A) 1907 ई.

(B) 1906 ई.

(C) 1905 ई.

(D) 1904 ई.

35. 'रहिरास' किसकी रचना है ?

(A) गुरु गोविन्द सिंह

(B) गुरुनानक

(C) नानक

(D) घनानंद

36. लक्ष्मी के बड़े पुत्र का क्या नाम था ?

(A) अच्युत

(B) गुणनिधि

(C) लक्ष्मण

(D) शंकर

37. 'एक वृक्ष की हत्या' में कवि शहर को किससे बचाने की बात करता है?

(A) लुटेरों से

(B) देश के दुश्मनों से

(C) नादिरों से

(D) इनमें से कोई नहीं

38. गाँधी जी का दक्षिण अफ्रीका प्रवास कब से कब तक था ?

(A) 1893 ई० से 1914 ई. तक

(B) 1892 ई० से 1913 ई० तक

(C) 1894 ई० से 1914 ई. तक

(D) 1893 ई० से 1913 ई० तक

39. जब पं. बिरजू महाराज को संगीत नाटक अकादेमी आवार्ड मिला तब उनकी उम्र क्या थी?

(A) 27 वर्ष

(B) 26 वर्ष

(C) 25 वर्ष

(D) 24 वर्ष

40. कवि ने माली-मालिन किसे कहा है?

(A) शंकर-पार्वती

(B) गणेश-लक्ष्मी

(C) कृष्ण-राधा

(D) राम-सीता

41. मंगु के अलावा उसकी माँ की कितनी संताने थीं?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) एक

42. अज्ञेय का जन्म कब हुआ ?

(A) 1910 ई.

(B) 1911 ई.

(C) 1912 ई.

(D) 1913 ई.

43. दिनकर की किस कृति के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है ?

(A) रश्मिरथी

(B) संस्कृति के चार अध्याय

(C) उर्वशी

(D) रेणुका

44. 'नौवतखाने में इवादत' साहित्य की कौन-सी विधा है?

(A) निबंध

(B) कहानी

(C) व्यक्तिचित्र

(D) साक्षात्कार

45. पंडित विरजू महाराज लखनऊ घराने की किस पीढ़ी के कलाकार हैं ?

(A) छठी पीढ़ी

(B) सांतवीं पीढ़ी

(C) नौवीं पीढ़ी

(D) आठवीं पीढ़ी

46. सीता के बेटों ने सीता को कितने रुपये माहवारी खर्च देने का निर्णय लिया ?

(A) 50 रूपये

(B) 75 रुपये

(C) 100 रुपये

(D) 60 रुपये

47. उत्तर भारत से नागरी लिपि के लेख कब से मिलने लगते हैं ?

(A) आठवीं सदी

(B) छठी सदी

(C) नौवीं सी

(D) चौथी सदी

48. वहादुर को कितने रुपये की चोरी का इल्जाम लगा था ?

(A) 10 रुपये

(B) 11 रुपये

(C) 12 रुपये

(D) 13 रूपये

49. 'भारतमाता' कविता में भात का कैसा चित्र प्रस्तुत किया गया है ?

(A) आदर्श

(B) काल्पनिक

(C) यथातथ्य

(D) इनमें से कोई नहीं

50. जातीय अस्मिता की दृष्टि से इतिहास का प्रवाह कैसा है ?

(A) विच्छिन्न

(B) अविच्छिन्न

(C) विच्छिन्न और अविच्छिन्न दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें-

आत्मनिर्भरता का अर्थ है – अपने ऊपर निर्भर रहना, जो व्यक्ति दूसरे के मुँह को नहीं ताकते वे ही आत्मनिर्भर होते हैं। वस्तुतः आत्मविश्वास के बल पर कार्य करते रहना आत्मनिर्भरता है। आत्मनिर्भरता का अर्थ है - समाज , निज तथा राष्ट्र की आवश्यकताओं की पूर्ति करना । व्यक्ति , समाज तथा राष्ट्र में आत्मविश्वास की भावना , आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। स्वावलंबन जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी है। सफलता प्राप्त करने के

लिए व्यक्ति को स्वावलंबी अवश्य होना चाहिए। स्वावलंबन व्यक्ति , समाज राष्ट्र के जीवन में सर्वांगीण सफलता प्राप्ति का महामंत्र है। स्वावलंबन जीवन का अमूल्य आभूषण है, वीरों तथा कर्मयोगियों का इष्टदेव है। सर्वांगीण उन्नति का आधार है। जब व्यक्ति स्वावलंबी होगा , उसमें आत्म-निर्भरता होगी , तो ऐसा कोई कार्य नहीं जिसे वह कर न सके। स्वावलंबी मनुष्य के सामने कोई भी कार्य आ जाए , तो वह अपने दृढ़ विश्वास से, अपने आत्मबल से उसे अवश्य ही संपूर्ण कर लेगा। स्वावलंबी मनुष्य जीवन में कभी भी असफलता का मुँह नहीं देखता। वह जीवन के हर क्षेत्र में निरंतर कामयाब होता जाता है। सफलता तो स्वावलंबी मनुष्य की दासी बनकर रहती है। जिस व्यक्ति का स्वयं अपने आप पर ही विश्वास नहीं वह भला क्या कर पाएगा ? परंतु इसके विपरीत जिस व्यक्ति में आत्मनिर्भरता होगी , वह कभी किसी के सामने नहीं झुकेगा। वह जो करेगा सोच-समझकर धैर्य से करेगा। मनुष्य में सबसे बड़ी कमी स्वावलंबन का न होना है। सबसे बड़ा गुण भी मनुष्य की आत्मनिर्भरता ही है।

आत्मनिर्भरता मनुष्य को श्रेष्ठ बनाती है। स्वावलंबी मनुष्य का अपने आप पर विश्वास होता है जिससे वह किसी के भी कहने में नहीं आ सकता। यदि हमें कोई काम सुधारना है तो हमें किसी के अधीन नहीं रहना चाहिए बल्कि उसे स्वयं करना चाहिए। एकलव्य स्वयं के प्रयास से धुनर्विद्या में प्रवीण बना। निपट दरिद्र विद्यार्थी लाल बहादुर शास्त्री भारत के प्रधानमंत्री बने साधारण से परिवार में जन्मे जैल सिंह स्वावलंबन के सहारे ही भारत के राष्ट्रपति बने। जिस प्रकार अलंकार काव्य की शोभा बढ़ाते हैं , सूक्ति भाषा को चमत्कृत करती है , गहने नारी की सौंदर्य बढ़ाते हैं , उसी प्रकार आत्मनिर्भरता मानव में अनेक गुणों की प्रतिष्ठा करती है।

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें-

(क) 'आत्मनिर्भरता व्यक्ति' से आप क्या समझते हैं?

(ख) सफलता तो स्वावलंबी मनुष्य की दासी बनकर रहती है।' कैसे ?

(ग) एकलव्य और लालबहादुर शास्त्री के उदाहरण लेखक ने किस संदर्भ में दिए हैं।

(घ) 'आत्मनिर्भरता' मनुष्य को श्रेष्ठ किस प्रकार बनाती है ?

(ड़) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें-

कविता के मर्मज्ञ और रसिक स्वयं कवि से अधिक महान होते हैं। संगीत के पागल (सुनने वाले) ही स्वयं संगीतकार से अधिक संगीत का रसास्वादन करते हैं। यहाँ पूज्य नहीं, पुजारी ही श्रेष्ठ है। यहाँ सम्मान पाने वाले नहीं सम्मान देने वाले महान हैं। स्वयं पुष्प में कुछ नहीं, पुष्प का सौन्दर्य उसे देखने वाले की दृष्टि में है। दुनिया में कुछ नहीं है; जो कुछ भी है हमारी चाह में, हमारी दृष्टि में है।, यह अद्भुत भारतीय व्याख्या अजीब-सी लग सकती है, पर हमारे पूर्वज सदा इसी पथ के पथिक रहे हैं। उत्तम गुरु में जाति-भावना भी नहीं रहती। कितने ही मुसलमान पहलवानों के हिन्दू चेले हैं।, और हिंदू संगीतकारों के मुसलमान शिष्य रहे हैं। यहाँ परख गुण की साधना की और प्रतिभा की देती है भक्ति और श्रद्धा की ही कीमत है, न कि जाति-संप्रदाय, आचार-विचार या धर्म की मुझे, पढ़ाया-लिखाया था– एक विद्वान मुसलमान ने ही और आज मैं जिस स्थान पर पहुँचा हूँ, जो सम्मान और प्रतिष्ठा मुझे मिली है उस सबका श्रेय मेरे उन्हीं गुरु का है। बचपन में मेरे मुस्लिम गुरु ने मुझे जो रास्ता दिखाया, मुझे ज्ञान देकर उस रास्ते परं आगे बढ़ने की प्रेरणा दी; आज उसी के परिणामस्वरूप मैं अपनी मंजिल पर पहुँचने में कामयाब हो सका हूँ।

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें-

(क) कवि से अधिक महान कौन होता है?

(ख) संगीत का रसास्वादन कौन अधिक करता है?

(ग) शिष्य का चयन गुरु किस आधार पर करता है ?

(घ) लेखक ने अपने बारे में क्या कहा है?

(ङ) सच्चे शिष्य की क्या परख होती है?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 250-300 शब्दों में निबंध लिखें।

(क) आतंकवाद

(i) भूमिका

(ii) आतंकवाद क्यों

https://www.bihartopper.com

(iii) विश्वव्यापी समस्या

(iv) भारत में आतंकवाद

(v) इसकी हानियाँ और उपाय

(ख) राष्ट्रीय एकता

(i) एकता में बल है

(ii) राष्ट्र के लिए एकता आवश्यक

(iii) एकता में बाधक तत्त्व

(iv) एकता तोड़ने के दोषी

(v) एकता दृढ़ करने के उपाय

(ग) बेरोजगारी- समस्या और समाधान

(i) बेरोजगारी का अभिप्राय

(ii) बेरोजगारी की समस्या

(iii) बेरोजगारी के कारण

(iv) विकास में बाधक

(v) समाधान

(घ) स्वास्थ्य और व्यायाम

(i) स्वस्थ तन-मन के बिना जीवन बोझ

(ii) शारीरिक स्वास्थ्य और व्यायाम

(iii) मानसिक स्वास्थ्य और व्यायाम

(iv) स्वस्थ व्यक्ति से स्वस्थ्य समाज का निर्माण

(v) निष्कर्ष

(ङ) समाचार पत्र : ज्ञान का सशक्त साधन

(i) समाचार-पत्र की आवश्यकता

(ii) विश्व-भर से जोड़ने का साधन

(iii) लोकतंत्र का प्रहरी

(iv) ज्ञान वृद्धि का साधन

(v) उपसंहार

4. वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छोटी बहन को बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

अथवा,

बढ़ती हुई महँगाई पर दो स्त्रियों का संवाद लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 20-30 शब्दों में दें।

(क) बिरजू महाराज अपना सबसे बड़ा जज अपनी माँ को क्यों मानते थे ?

(ख) संतू मछली लेकर क्यों भागा ?

(ग) गाँधीजी के अनुसार शिक्षा का जरूरी अंग क्या होना चाहिए?

(घ) कवि के जनता को 'दूधमुँही' क्यों कहा है?

(ङ) 'हमारी नींद' कविता किस प्रकार के जीवन का चित्रण करती है?

(च) बेटे के आँसू कब आते हैं और क्यों ?

(छ) बड़े डॉक्टर पाप्पाति के बारे में पूछताछ क्यों कर रहे थे?

(ज) सीता को अपने घर में घुटन क्यों महसूस होती है?

6. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-

स्वर्ण शस्य पर-पद-तल लुंठित

धरती-सा सहिष्णु मन कुंठित,

क्रन्दन कंपित अधर मौन स्मित,

राहु ग्रसित

शरदेन्दु हासिनी !

अथवा

कहानी छोटा मुँह बड़ी बात कहती है। इस दृष्टि से 'बहादुर' कहानी पर विचार करें।